हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार,14 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

10 प्रदेश स्तरीय मीटिंग में शामिल होंगे भाकियू के कार्यकर्ता




10 पॉलीटेक्निक कॉलेज धामलावास में वार्षिक खेलों का आयोजन



## खबर संक्षेप

### बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**रेवाड़ी।** दिल्ली-जयुपर हाइवे पर रूध पुल के पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मूलरूप से गांव करोड़ी जिला कोटपूतली राजस्थान निवासी रविन्द्र सिंह ने बावल थाना पुलिस को बताया कि उसका भाई योगेश सिंह भिवाड़ी में रह रहा है और 5 फरवरी को अपने ऑफिस के काम से भिवाड़ी से नीमराना जा रहा था। जब सुबह करीब 11:30 बजे वह रूध पुलिया के पास पहुंचा तो एक तेज रफ्तार ने उसकी को टक्कर मार दी, जिससे योगेश गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक योगेश को धमका कर घायल अवस्था में छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने खून से लथपथ योगेश को बावल के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने गंभीर चोटों के कारण उसे हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया, जिसके बाद परिवार ने उसे इलाज के लिए जयपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की हालत में सुधार होने पर उसके भाई ने 12 फरवरी को पुलिस को शिकायत दी। बावल थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### इको की टक्कर से सड़क किनारे खड़ी महिला घायल

**धारूहेड़ा।** दिल्ली-जयपुर हाइवे पर खरखड़ा पुल के पास सड़क किनारे साधन का इंतजार कर रही बुजुर्ग महिला को इको कार ने टक्कर मार दी, जिससे महिला को काफी चोटें आई। शीलगांव जिला खैरथल राजस्थान निवासी संदीप कुमार ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी 55 वर्षीय नानी बदामी देवी के साथ एनएच-48 पर खरखडा पुल के पास स्थित होटल पर रोड के किनारे साधन का इंतजार कर रहा था, तभी एक तेज रफ्तार इको कार ने उसकी नानी को कार से टक्कर मार दी तथा उसके पैर के उपर गाड़ी का पहिया चढ़ा दिया, जिससे उसकी नानी को काफी चोटे आई। उसकी नानी का इलाज पीजीआई रोहतक में चल रहा है। पुलिस ने इको चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### धारूहेड़ा में चार लोगों के ट्यूबवेलों से सामान चोरी

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा क्षेत्र से चोर चार लोगों के ट्यूबवेलों से चोरी कर ले गए। वार्ड नंबर-5 मेन बाजार धारूहेड़ा निवासी सुनील कुमार ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 फरवरी की रात को चोर उनके खेत में बने कमरे का ताला तोड़कर करीब 30 फीट मोटर की केबल चुरा ले गए। जब उसने आसपास पूछताछ की तो चोर दिनेश कुमार के ट्यूबवेल से केबल व स्टार्टर, कंवर सिह नपा चेयरमैन के ट्यूबवेल से नोजल व केबल तथा मनोज शर्मा के खेत में बने कमेरे से एलईडी, तीन सीसीटीवी कैमरे व कैमरे की डीवीआर चोरी करके ले गए। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### तीन लोगों पर लाठी-हथियार से हमला करने पर केस दर्ज

**नाहड़।** गांव जड्डी में किसी अन्य व्यक्ति से मिलने गए व्यक्ति पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया, जिससे उनको काफी चोटें आई। नाहड़ पुलिस चौकी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जुड्डी निवासी हरिओम ने पुलिस को बताया कि 9 फरवरी को वह गांव के मीनू के साथ गांव में ही महाबीर सिंह के पास कुछ काम से गए थे। जहां उनके बैठक कक्ष में श्रीनिवास, उसका बेटा अमन व परविन मौजूद था। हरिओम ने आरोप लगाया है कि तीनों ने उस पर लाठी व तेज धार के हथियार से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। हमले में उसे काफी गंभीर चोटें आई। वहां पर मौजूद प्रशांत ने उसे लोगों से छुड़ाया, जिसके बाद वह इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एजेंसी ने आठ दिन में पकड़ लिए थे 339 गोवंश

# सुरक्षा मिलने के बाद गोवंश पकड़ने का कार्य फिर शुरू, एजेंसी ने साढ़े तीन सौ से अधिक गोवंश पकड़े

- दो बार छीना-झपटी की घटना के बाद सुरक्षा की मांग को लेकर किया था कार्य बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर की सड़कों पर परेशानी बने गोवंश की समस्या अब कम होने लगी है। नगर परिषद से शहर से गोवंश पकड़ने के लिए रॉयल एंटरप्राइजेज एजेंसी को एक साल का ठेका दिया गया था। डीसी की ओर से आदेश देने के बाद एजेंसी ने गोवंश पकड़ने का कार्य भी तेज कर दिया था और करीब 8 दिन में 339 के करीब गोवंश भी पकड़कर गोशालाओं में छोड़े थे, लेकिन इसी बीच एजेंसी के कर्मचारियों के साथ गोवंश पकड़ते समय दो बाद छीना-झपटी व हाथापाई की घटना हो गई तथा कार्य बंद कर दिया गया। अब एजेंसी को ड्यूटी मजिस्टेट व पुलिस सुरक्षा मिलने के बाद गोवंश पकड़ने के कार्य शुरू हो गया है। एजेंसी की ओर से अब तक 350 से अधिक गोवंश पकड़कर गोशाला भेजे जा चुके है। अभी भी शहर में कई जगह गोवंश घूमते नजर आ रहे है।


रेवाड़ी। मोहल्ला बंजारवाड़ा में कचरे के ढेर के पास गोवंश का जमावड़ा।


रेवाड़ी। महाराणा प्रताप चौक के पास जमा गोवंश। फोटो :हरिभूमि

### एजेंसी कर्मचारियों के साथ दो जगह हाथापाई

एजेंसी के कर्मचारियों के साथ गोवंश पकड़ने के बाद 3 फरवरी को कृष्णा नगर के पास व 9 फरवरी को सेक्टर-18 के मोड पर छीना-झपटी व हाथापाई हो चुकी है तथा पशुपालक अपने गोवंश को भी छुड़ा ले गए थे। कर्मचारियों ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस तो पहुंच गई, लेकिन लोग पुलिस के सामने लोग गोवंश को छुड़ाकर ले जाने में कामयाब हो गए।

### एजेंसी ने फिर से शुरू किया गोवंश पकड़ने का कार्य

एजेंसी की ओर से पुराने टेंडर के दौरान 308 गोवंश पकड़े गए थे। इसके बाद टेंडर मिलने पर जहां दो महीने में एजेंसी ने सुस्त रहकर 151 ही गोवंश पकड़े थे वही डीसी के आदेश के बाद 8 दिनों में 339 गोवंश पकड़कर गोशाला में छोड़ दिए। पिछले दिनों गोवंश के हमले से नई बस्ती निवासी व्यापारी घायल हो गया तथा एक बुजुर्ग की जान भी चली थी, जिसके बाद डीसी ने नगर परिषद अधिकारियों को प्रतिदिन 40 गोवंश पकड़कर गोशाला भेजने के सख्त आदेश दिए थे। डीसी ने एजेंसी कर्मचारियों के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए थे और पशु पकड़ने के कार्य में बाधा डालने वाले शरारती तत्वों से निपटने के लिए पुलिस व्यवस्था की भी बात कही थी, लेकिन एजेंसी का अभी तक सुरक्षा नहीं मिली और उन्होंने गोवंश को पकड़ने का कार्य बंद कर दिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस सुरक्षा मिलने के बाद एजेंसी गोवंश पकड़ने का कार्य कर रही है। एजेंसी अब तक 350 से अधिक गोवंश पकड़ चुकी है। पशु पालक दूध दोहने के बाद गाय को खुले में छोड़कर लोगों के लिए परेशानी पैदा कर रहे है। एजेंसी की ओर से गोवंश के पकड़ने पर झगड़ा करने पर उतारू हो रहे है।

# छात्राओं को मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले महाविद्यालय में वीरवार को लीगल लिटरेसी सेल व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर स्वस्थ्य सखी-मासिक धर्म स्वच्छता के लिए बाधाओं को तोड़ना अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज की प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने छात्राओं को उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित और स्वच्छ मासिक धर्म प्रथाओं के बारे में जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्रियंका यादव पीएलवी व एनजीओ एक कदम मानवता को ओर की सदस्य संगीता यादव पीएलवी ने मिथकों और कलंकों के दूर करने व गलत धारणाओं को चुनौती देने के बारे में बताया। लीगल लिटरेसी सेल के इंचार्ज डा. सुनील कुमार ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर डा. रीना यादव, रेनू यादव,तिलक, मीनाक्षी यादव व रेनू प्रिया सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में जानकारी लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### ऑटो व कार की भिडंत में एक की मौत, छह घायल

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-नारनौल मार्ग पर पीथड़ावास बस अड्डे के पास सर्विस रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने सवारियों से भरे ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो में बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई व अन्य लोग घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी व घायलों को अस्पताल में पहुंचाया। गांव टींट निवासी लोकेन्द्र सिंह ने रामपुरा थाना पुलिस को बताया कि उसकी खोरी अड्डे पर वेल्डिंग की दुकान है। 12 फरवरी दोपहर को वह बाइक से खोरी से रेवाड़ी जा रहा था। जब वह दोपहर करीब 1:30 बजे गांव पीथड़ावास बस अड्डे के नजदीक पहुचा तो खोरी से रेवाड़ी सर्विस रोड पर एक तेज रफ्तार बलेनो कार ने सवारियों से भरे ऑटो का सीधी टक्कर मार दी। हादसे में कंवर सिंह निवासी सुंदरोज की मौके पर मौत हो गई तथा सत्यनारायण, सुनील कुमार, महावीर, किरण व सजनपाल घायल हो गए। दुर्घटना में बलेनो का चालक भी घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस बुलाकर घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

# सेक्टर एक में हुई चोरी के मामले में कार्रवाई को लेकर सौंपा ज्ञापन


रेवाड़ी। एसपी को ज्ञापन देने पहुंचे सेक्टरवासी। फोटो :हरिभूमि

- एसपी डा. मयंक गुप्ता ने एसोसिएशन को जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया

**रेवाड़ी।** जिला सचिवालय के सामने स्थित सेक्टर-1 में गत 5 फरवरी को दोपहर डेढ़ बजे मकान नंबर-254 में हुई चोरी को लेकर त्वरित कार्रवाई की मांग को लेकर आरडब्ल्यूए के प्रधान रविंद्र यादव की अगुवाई में वीरवार सेक्टरवासियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के महासचिव निरंजन लाल गुप्ता ने बताया कि चोरी के समय मकान मालिक राजबीर यादव के पड़ोसियों के आने पर दोनों चोर जेवरात व नकदी सहित पीछे की दीवार फांदकर भाग निकले थे, जो सीसीटीवी में कैद हैं, किंतु अभी तक पुलिस ने इस संदर्भ में कोई ठोस संतोषजनक कार्रवाई नहीं की है,जिससे सेक्टरवासियों में भारी रोष व्याप्त है तथा सेक्टर में असुरक्षा का माहौल है। एसपी डा. मयंक गुप्ता ने एसोसिएशन को जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अशोक गुप्ता, ओमप्रकाश रुस्तगी, देवेंद्र यादव, अशोक राठी, जगदीश शास्त्री, राम यादव, सीमा, कौशल, सुषमा, सुमन व संतोष सहित अन्य सेक्टरवासी उपस्थित थे।

### हेल्थ कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 2.43 लाख की ठगी

**रेवाड़ी।** जिले में साइबर ठगी के मामले बढ़ते जा रहे है। साइबर ठग रोजाना लोगों को जाल में फंसाकर धोखाधड़ी करके रुपये ठग रहे है। शिव कॉलोनी निवासी मनोज कुमार ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 फरवरी को शाम करीब 3:05 बजे उनके मोबाइल पर नंबर पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताया तथा हेल्थ कार्ड की जानकारी देना शुरू कर दिया। इसके बाद हेल्थ कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बातों में फंसाकर उसकस मोबाइल फोन हैक कर लिया तथा बिना ओटीपी बताए उसके खाते से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन शुरू कर दी। इस बीच जैसे ही मनोज को शक हुआ तो उसने तुरंत कॉल काट दी। इसके बाद उसने बैंक में शिकायत देकर अपना कार्ड ब्लॉक कराया, लेकिन जब तक साइबर ठग ने उसके खाते से 2 लाख 43 हजार 393 रुपए ट्रांसफर कर लिए थे। इसके बाद उसने साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

# मकान से स्टील की टोंटियां व टीवी चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 10 टोंटियां भी बरामद कर ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-3 पुलिस चौकी ने मकान से स्टील की टोंटियां व टीवी चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के जिला पूरबा मैदिनीपुर के गांव दौदपुर हाल कंटेनर डिपो रेवाड़ी निवासी सेख मौजमील के रूप में हुई है। गत वर्ष 18 अक्टूबर को सेक्टर-3 निवासी अनिल अरोड़ा ने अपनी शिकायत में बताया था कि 13 अक्टूबर 2024 को वह अपने परिवार के साथ गुरुग्राम गया हुआ था। उसके मकान से कोई व्यक्ति 21 टोंटियां व एक टीवी चोरी करके ले गया हैं। पुलिस ने बुधवार मामले में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 10 टोंटियां भी बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में चोरी करने वाला आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### जेईई मेन्स परीक्षा में राजियंस ने फिर लहराया परचम


रेवाड़ी। परीक्षा में सफल रहे विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने जनवरी में हुई जेईई मेंस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। जेईई की इस परीक्षा में राजियंस मितुल, विवेक, निहाल, सुरभी, कुशाग्र, आशु, आर्यन, हर्षप्रीत, जिया, रूपेश,पलक, तम्मना और अमन ने बहतरीन अंकों के साथ उत्कृष्ट स्थान हासिल किया। छात्र मितुल ने 99.1 परसेंटाइल अंक के साथ उपलब्धि हासिल कर अपने परिजनों के साथ-साथ स्कूल का भी नाम रोशन किया। स्कूल चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए व सभी शिक्षकों और अभिभावकों को उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए बधाई दी। स्कूल निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी, हेमंत सैनी, जयश्री सैनी, अनु सैनी और प्राचार्य कुलदीप जांगिड़ ने सभी होनहार विद्यार्थियों और शिक्षक सुमित, मनीष, अभिषेक, बिमलेश, आर एस राठौर, नवीन अदलखा, आनंद और दीपक को बधाई दी।

### भैंस चोरी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

सीआईए रेवाड़ी पुलिस ने भैंस चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूंह के गांव घीड़ा निवासी हफीज के रूप में हुई है। गांव डयोढई निवासी राजसिंह के घर से गत 2-3 फरवरी की रात्रि को दो भैंस को चोरी हो गई थी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। मामले में सीआईए रेवाड़ी ने बुधवार को एक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।



### यादव कल्याण सभा फ्री जांच कैंप रविवार को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

यादव कल्याण सभा की ओर से 16 फरवरी को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा।

सभा प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डॉ. एस पी यादव मेडिसिन, डॉ. अजय यादव हड्डीरोग, डॉ. सुनील यादव सर्जरी, डॉ. सुमन यादव स्त्रीरोग, डॉ. विदुला यादव नेत्ररोग व डॉ. अनिल यादव दंत रोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा फिजियोथरेपिस्ट पूर्ण सिंह यादव भी फ्री सेवाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे।

आग | दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

# खेड़ा मुरार में कड़बी व मधुमक्खी पालन बॉक्स में लगी आग

हरिभूमि न्यूज. बावल

बावल क्षेत्र के गांव खेड़ा मुरार में आग लगने से पशुचारा और मधुमक्खी पालन के बॉक्स जलकर राख हो गए हैं। आसपास के लोगो ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन जब तक खेत में पड़ी कड़बी जलकर राख हो गई। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान बावल थाना पुलिस भी मौके पद पहुंच गई। खेड़ा मुरार निवासी राहुल ने बताया कि उनकी करीब 12 एकड़ की कड़बी और दो एकड़ के चावल की भूसी जलकर राख हो गई हैं, जिससे उनका करीब 1.20 लाख का नुकसान हो गया है। पड़ोसियों ने उन्हें आग लगने से सूचना दी थी, लेकिन फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और खेत में पड़ी सारी कड़बी जलकर राख हो गई। पड़ोस के ही शुभम के खेत में पड़ी दो एकड़ की कड़बी ने भी आग पकड ली। उत्तरप्रदेश निवासी मधुमक्खी पालन का व्यवसाय करने वाले आशु नें बताया कि खेत से कुछ दूरी पर ही उनके मधुमक्खी पालन के बॉक्स रखे हुए थे। आग लगने से वे भी जलकर राख हो चुके हैं, जिससे उनका करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हो गया है। आशु ने बताया कि वह पडोस के ट्यूबवेल से पानी लेने के लिए गया था, जब वापस आया तो आग लग रही थी। उन्होंने किसी के जलती हुई बीड़ी फेंकने का संदेह जताया है, जबकि राहुल का आरोप है कि मधुमक्खी पालन वालों ने मधुमक्खी पकड़ने के लिए बॉक्सों के पास आग लगाकर धुंआ किया हुआ था, जिससे उनकी कड़बी में चिंगारी लगने से आग लगी है। अभी आग लगने के मुख्य कारण का पता नहीं चला है।




रेवाड़ी। मधुमक्खी पालन के बॉक्स में लगी आग, कड़बी में लगी आग बुझाते हुए दमकल कर्मी। फोटो :हरिभूमि

टेक्नो-नॉलेज / शिखर चंद जैन

हर बच्चे को गेम्स खेलने में मजा आता है। कितना अच्छा हो, अगर स्कूल के क्लासरूम में भी पढ़ाई के बजाय कोई गेम खेलने को कहा जाए और इसी के साथ-साथ खेल में स्टडी-लर्निंग भी हो जाए। सोचकर देखो, कितना मजा आएगा! ऐसा हो सकता है, 'गेमिफिकेशन' के जरिए। जानो, गेमिफिकेशन के बारे में।

# गेमिफिकेशन खेल-खेल में स्टडी



बच्चों, कितना मजा आए, अगर तुम्हें क्लास में किताबें खोलकर लेसन पढ़ने या टीचर का लेक्चर सुनने की बजाय पजल सॉल्व करने, कोड, डिकोड करने और गेम खेलकर कोई टारगेट अचीव करने का टास्क दिया जाए। तुम सोच रहे होगे, यह कैसे संभव है, यह तो कोरी कल्पना है। भला स्कूल में गेम कैसे खेल सकते हैं? ऐसा हुआ तो सिलेबस कैसे कंप्लीट होगा? डॉंट वरी बच्चों, अब लर्निंग और टीचिंग का नया कॉन्सेप्ट आ चुका है- गेमिफिकेशन। इससे करिकुलम में गेम एलिमेंट डालकर क्लासरूम को इंटरेस्टिंग और एक्साइटिंग बनाया जा रहा है। बच्चों, जानो इस बारे में।

## क्या है गेमिफिकेशन

एजुकेशन फील्ड में गेमिफिकेशन एक बहुत बड़ा कदम है। शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों ने मिलकर इसके माध्यम से बच्चों में क्रिएटिविटी बूस्ट करने, उन्हें मोटिवेट करने और सीखने के लिए प्रेरित करने वाला काम किया है। बच्चों, गेमिफिकेशन को किसी वीडियो गेम की तरह डिजाइन किया गया है। इसमें तुम बड़े ही मजेदार ढंग से खेल-खेल में नई और ज्ञानवर्धक बातें सीख सकते हो।

## कैसे प्रचलन में आया गेमिफिकेशन टर्म

ब्रिटिश कंप्यूटर प्रोग्रामर और आविष्कारक निक पेलिंग ने 2002 में 'गेमिफिकेशन' शब्द गढ़ा था। उस समय वे कमर्शियल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए गेम जैसे इंटरफेस तैयार कर रहे थे। साल 2010 में इस शब्द को व्यापक रूप से अपनाया गया। पेलिंग ने उद्योग, व्यापार और शिक्षा के लिए उपकरण के रूप में इन-गेम मैकेनिक्स की क्षमता और व्यावहारिकता को देखा। जैसे-जैसे 'गेमिफिकेशन' लोकप्रिय होता गया, इसके अनेक उपयोगों को रेखांकित करने वाले आर्टिकल्स पब्लिश होने लगे। इसके बाद इसे अलग-अलग क्षेत्रों में अपनाया जाने लगा।



## इंटरेस्टिंग लर्निंग प्रोसेस

गेमिफिकेशन के माध्यम से लर्निंग का प्रोसेस इतना इंटरेस्टिंग होता है कि तुम इसमें पूरी तरह इन्वॉल्व हो जाओगे। हर स्टेप को कंप्लीट करने के बाद जब तुम्हें रिवॉर्ड्स और प्वॉइंट्स मिलेंगे, तो तुममें सीखने का नया जोश आएगा। गेमिफिकेशन के माध्यम से साइंस, मैथ्स जैसे कठिन विषयों को तुम आसानी से समझ सकोगे।

## आएगा होमवर्क करने में भी मजा

अकसर बच्चों को होमवर्क करना बोरिंग लगता है। लेकिन गेमिफिकेशन के माध्यम से होमवर्क भी इंटरेस्टिंग लगने लगता है। स्कूल से मिला हुआ टास्क तुम्हारे लिए एडवेंचरस गेम बन जाता है। गेमिफिकेशन के दौरान अगर तुम कोई स्टेज चूक जाते हो या किसी प्रॉब्लम को सॉल्व नहीं कर पाते, तो तुम्हें अपनी गलती के बारे में बताया जाता है। आगे अपना टास्क कंप्लीट करने के लिए गाइड भी किया जाता है। यह कंप्लीट प्रोसेस बहुत ही रोचक और ज्ञानवर्धक होता है।

## डेवलप होते हैं ये स्किल्स

गेमिफिकेशन के अंतर्गत क्लासरूम या घर में टास्क या पजल्स सॉल्व करते समय या फिर कोड को डिकोड करते समय तुम्हें दिमाग पर जोर डालना पड़ता है। इससे तुम्हें क्रिटिकल और शार्प थिंकिंग की ट्रेनिंग मिलती है। दोस्तों के साथ गेम खेलते हुए सीखना तुम्हारे मन में कॉम्पिटिशन का भाव जगाता है। इससे तुम्हें जीतने की प्रेरणा मिलती है। गेमिफिकेशन के अंतर्गत कुछ गेम्स, तुम्हें खेलने का तरीका चुनने की आजादी देते हैं। इससे तुम अपने तरीके से गेम खेल सकते हो और सीख सकते हो। गेमिफिकेशन में तुम्हें जीतने के कई प्रयास करने की छूट मिलती है, इसे तुम तब तक खेल सकते हो, जब तक कि जीत न जाओ। इसमें जीतने के बाद तुम्हारा कॉन्फिडेंस बूस्ट होता है। *

### गेमिफिकेशन के पांच फायदे

बच्चों, गेमिफिकेशन के मुख्य रूप से पांच फायदे हैं। इनके बारे में भी तुम्हें जानना चाहिए-

**सेल्फ असेसमेंट:** गेमिफिकेशन के जरिए तुम्हें अपनी प्रोग्रेस पर नजर रखने में मदद मिलती है। किसी कारणवश अगर तुम इसे बीच में डिस्कंटीन्यू भी कर देते हो, तो दोबारा लॉग इन करते ही तुम्हारा टास्क या गेम वहीं से शुरू हो जाता है, जहां तुमने इसे छोड़ा था।



**इमर्शन:** आजकल 3 डी गेमिंग काफी पॉपुलर है। इस गेम को खेलने वाला कंटेस्टेंट या स्टूडेंट पूरी तरह से गेम में डूब जाता है, और खुद को एक अलग ही दुनिया में पाता है, जहां सिर्फ एंटरटेनमेंट और लर्निंग का ही माहौल होता है।


**कॉम्पिटिशन:** गेमिफिकेशन से परस्पर कॉम्पिटिशन की भावना जागृत होती है। जब कोई कंटेस्टेंट ज्यादा रिवॉर्ड और बैज हासिल करता है, तो अन्य कंटेस्टेंट्स के मन में भी कड़ी मेहनत करने की इच्छा होती है।

**इंटर एक्टिविटी:** गेमिफिकेशन के दौरान स्टूडेंट्स आपस में डिस्कशन करते हैं। साथ ही पार्टिसिपेंट्स सिस्टम के साथ भी संवाद कर सकते हैं और दी गई जानकारी का उपयोग टारगेट अचीव करने में कर सकते हैं।

**फोकस:** गेमिफिकेशन एक इंटरेस्टिंग एक्टिविटी है। इसमें तुम बोर नहीं होते और न ही तुम्हारा ध्यान इधर-उधर भटकता है। इससे तुम्हारा कंसंट्रेशन लेवल बढ़ता है।

इंटरेस्टिंग इंफॉर्मेशन / नयनतारा

बच्चों, एक समय तक समुद्र या नदी की गहराइयों में इंसान का जाना आसान नहीं होता था। लेकिन एक्वालंग के आविष्कार के बाद पानी की गहराई में जाना आसान हो गया। जानो, क्या होता है एक्वालंग? इसका आविष्कार कब, किसने किया और यह कैसे काम करता है?



# एक्वालंग से आसान हुई अंडर वाटर एक्टिविटी

बच्चों, इंसान हमेशा से ही पानी के भीतर की दुनिया के बारे में जानने को जिज्ञासु रहा है। लेकिन कुछ दशक पहले तक पानी के भीतर जाना आसान नहीं होता था। पानी के भीतर घटता-बढ़ता दबाव एक बड़ी समस्या थी। पानी के अंदर मूवमेंट करना भी बहुत मुश्किल था। इन सबसे भी बड़ी समस्या यह थी कि पानी के अंदर सांस लेने के लिए हवा कैसे मिले? इस समस्या से निपटने के लिए एक्वालंग का आविष्कार किया गया। इस आविष्कार के बाद पानी के भीतर जाना काफी आसान हो गया। एक्वालंग का आविष्कार कैप्टन जैक-य्वेस कौस्टेयू और एमिले गैगनन ने 1943 में किया था। एक्वालंग की वजह से अंडरवाटर वर्ल्ड के सारे रहस्य खुल गए।



**पहले ऐसे होती थी अंडर-वाटर एक्टिविटी:** बच्चों, एक्वालंग के आविष्कार से पहले भी लोग अंडर वाटर एक्टिविटीज करते थे। लेकिन ऐसा करना बहुत ही मुश्किल होता था। तब एयर सप्लाई के साथ कुछ प्रशिक्षित व्यक्ति ही डाइव करते थे, वह भी जटिल, वजनी डीप-सी सुइट्स और हेल्मेट्स के साथ। इनमें हाई-प्रेशर एयर लाइंस होती थीं, जो सतह से जुड़ी होती थीं। इतने सारे जटिल इक्विपमेंट्स के साथ डाइविंग बहुत मुश्किल होता था।

**क्या होता है एक्वालंग:** एक्वालंग एक ऐसा इक्विपमेंट है, जो पानी के अंदर की गतिविधियों को आसान बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह पहले इस्तेमाल किए जा रहे भारी-भरकम इक्विपमेंट की तुलना में कॉम्पैक्ट और पोर्टेबल होता है। जिससे अंडर वाटर एक्टिविटीज में इसका इस्तेमाल करना काफी आसान है।

**कैसे काम करता है एक्वालंग:** डाइविंग से पहले, डाइवर्स की कमर पर एक हाई-प्रेशर सिलिंडर स्ट्रैप कर दिया जाता है, जिससे उन्हें नियमित एयर सप्लाई मिलती रहती है। एयर सिलिंडर से डिमांड रेग्युलेटर जुड़ा होता है, जो सांस लेने वाली हवा को उसी प्रेशर का कर देता है, जो आस-पास के पानी का प्रेशर होता है। इसे एडजस्ट करने के लिए वॉल्व नहीं होते हैं। डाइवर को सिर्फ सांस लेनी होती है। गहराई चाहे जितनी हो एक्वालंग से एकदम सही प्रेशर मिलता है। इससे सांस लेना उतना ही ऑटोमेटिक और नेचुरल हो जाता है, जितना कि जमीन पर होता है।

एक्वालंग के आविष्कार के बाद स्कूबा डाइविंग तेजी से पूरी दुनिया में पॉपुलर हो गई और डाइविंग को आसान बनाने के लिए एक्वालंग के अलावा कई अन्य उपकरण भी बनाए जाने लगे। *

तुम्हारे लिए नई किताब

# सबक सिखाती ईरानी कहानियां

बच्चों, जैसे तुमको अपने दादा-दादी, नाना-नानी से प्यारी-प्यारी कहानियां सुनना या स्टोरी बुक्स से कहानियां पढ़ना अच्छा लगता है, वैसे ही दुनिया भर के अन्य देशों के बच्चे भी बड़े चाव से कहानियां पढ़ते-सुनते हैं। कुछ समय पहले ही एक नई किताब 'ईरानी बच्चों की कहानियां' छपकर आई है। इसमें तुम ईरान देश में रहने वाले बच्चों के बीच लोकप्रिय चौदह कहानियों का हिंदी अनुवाद पढ़ सकते हो। इन कहानियों में तुमको अपने जैसे नटखट, समझदार बच्चों समेत बकरी, डॉगी, डंकी, हाथी, भेड़िए आदि की कहानियां भी पढ़ने को मिलेंगी। 'बकरी का बच्चा' एक बहादुर लेकिन नासमझ बकरी के बच्चे की कहानी है, जिसे मुसीबत में फंसने पर अपनी गलती का अहसास होता है। 'आजादी' कहानी में गुलाम रहने की तकलीफ और आजादी से अपना जीवन जीने की महत्ता को एक जंगली डॉगी की कहानी के जरिए बताया गया है। इसी तरह 'चोर और संत' कहानी बताती है कि जो लोग सज्जन होते हैं, मुसीबत में उनकी मदद को सभी तैयार रहते हैं। 'किस्सा घड़ी की सुई का', 'हवा और पतंग', 'सींग की तलाश' कहानियां भी तुम्हें अच्छी लगेंगी। इस किताब की सभी कहानियां तुम्हारा मनोरंजन तो करेंगी ही, तुम्हें जरूरी सबक भी सिखाएंगी। इनको पढ़ते हुए तुम्हें लगेगा जैसे तुम अपने देश में प्रचलित 'पंचतंत्र' या 'हितोपदेश' की कहानियां पढ़ रहे हो। ऐसा इसलिए क्योंकि बच्चे किसी भी देश के क्यों न हों, सब एक जैसे ही होते हैं। सब बच्चों को पढ़ाई करना, खेलना, हंसना और कहानियां पढ़ना पसंद होता है। *




-विज्ञान भूषण

**किताब:** ईरानी बच्चों की कहानियां, **अनुवादक:** राजेश सरकार, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली

# सबको बांटो प्यार

बच्चों ने वैलेंटाइन-डे के मौके पर जब बाजार में एक अलग ही रौनक का माहौल देखा तो उन्होंने भी तय किया कि वे भी कुछ अलग ढंग से वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट करेंगे। इस मौके पर बच्चों ने जिस तरह, जिन लोगों के बीच जाकर प्यार बांटा, वह सचमुच बहुत अनोखा था।




कहानी
अलका जैन 'आराधना'

इधर कई दिनों से रोहन, सान्वी, आयुष और मिष्टी स्कूल से लौटते समय बाजार में जगह-जगह दुकानों पर दिल के आकार के गुब्बारे और रेड पैक में गिफ्ट आइटम्स सजे देख रहे थे। सान्वी उत्सुकता से बोली, 'हर जगह इस तरह दिल-दिल के आकार में रेड आइटम्स दुकानों में क्यों सजे हैं? क्या कोई फेस्टिवल आने वाला है?'

आयुष हंसते हुए बोला, 'हां, बड़ा फेस्टिवल आ रहा है- वैलेंटाइन-डे।'

रोहन कुछ गंभीर स्वर में बोला, 'फेस्टिवल तो सब अच्छे होते हैं। दिवाली पर दिये जलाते हैं, होली पर रंग खेलते हैं। लेकिन वैलेंटाइन-डे तो बच्चे नहीं मनाते हैं। यह तो बड़े मनाते हैं। हमारा वैलेंटाइन-डे से कोई लेना-देना नहीं है।'

मिष्टी गोल-गोल आंखें घुमाती हुई बोली, 'क्यों नहीं लेना-देना है? हम बच्चे भी अपने ढंग से वैलेंटाइन-डे मना सकते हैं। हमारे आस-पास बहुत से ऐसे लोग हैं, जिनसे हम प्यार पाते हैं या हम उन्हें प्यार देते हैं। हम इनके साथ वैलेंटाइन-डे मना सकते हैं। इन्हें गुलाब का फूल और कोई गिफ्ट दे सकते हैं।' चारों बच्चों ने एक-दूसरे की तरफ देखा और उत्साह से भर उठे। सान्वी खुश होकर बोली, '...तो इस बार हम भी वैलेंटाइन-डे अपने तरीके से मनाएंगे!'

आयुष हां में हां मिलाते हुए बोला, 'हां, हम ऐसे ही एक यादगार वैलेंटाइन-डे मनाएंगे, जो सबको पसंद आए।'

रोहन ने पूछा, 'लेकिन हम करेंगे क्या...'

मिष्टी ने कुछ सोचा और उछल कर बोली, 'सुनो! हम उन लोगों के लिए कुछ करेंगे, जो हर दिन हमारे लिए मेहनत करते हैं, जैसे- दूध और अखबार वाले अंकल, कॉलोनी के गार्ड अंकल और हमारे घर में काम करने वाली मेड।' सान्वी झट से बोली, 'हम अपने दादा-दादी, नाना-नानी को भी इस अवसर पर न भूलें, वे हमें कितना प्यार करते हैं, हमारा ख्याल रखते हैं। इनको भी गुलाब का फूल देकर थैंक्स बोलेंगे। साथ ही हम पास के ओल्ड एज होम के दादाजी-दादीजी के पास भी जाएंगे, ये लोग हमेशा हमें हंसाते हैं।' आयुष चहक कर बोला, 'तो तय रहा! हम वैलेंटाइन-डे पर इनके पास जाएंगे, इन्हें गुलाब का फूल देंगे, इनके लिए कुछ और भी खास करेंगे।'

अगले दिन चारों अपने-अपने गुल्लक लेकर मिष्टी के घर पहुंचे। सभी बहुत उत्साहित थे। रोहन गुल्लक रखते हुए बोला, 'यह रहा मेरा खजाना। पिछले साल से जमा कर रहा हूं।'

सान्वी बोली, 'मेरा गुल्लक चॉकलेट के पैसों का है।' आयुष ने खिलखिला कर हंसते हुए कहा, '...और ये मेरा आइसक्रीम फंड है।' मिष्टी बोली, '...और मेरी गुल्लक में दिवाली-होली के ईनाम के पैसे हैं। चलो, गिनती शुरू करें।'

सभी ने गुल्लक में जमा किए सिक्के और नोट गिनने शुरू किए। इन्हें गिनने के बाद सब एक साथ बोले, 'अरे वाह...! इतने में तो हम बहुत अच्छे से अपना काम कर सकते हैं। वैसे भी हम यह काम अपने मम्मी-पापा की परमिशन से ही कर रहे हैं। वे भी बहुत खुश हैं, हमारे इस शानदार आइडिया के बारे में जानकर। उन्होंने भी अपनी तरफ से कंट्रीब्यूट करने का वादा किया है।'

अगले दिन सभी बच्चे बाजार गए। बाजार सजावट और रौनक से भरा हुआ था। रोहन एक मग उठाते हुए बोला, 'यह दूध वाले अंकल के लिए। इस पर लिखा है, 'बेस्ट मॉर्निंग फ्रेंड।' आयुष पेन सेट दिखाते हुए बोला, 'अखबार वाले अंकल के लिए।'

सान्वी एक सुंदर स्टोल उठाते हुए बोली, 'यह कामवाली बाई के लिए। वह हमेशा कहती हैं, सादगी में ही खूबसूरती है।'

मिष्टी एक टॉर्च उठाते हुए बोली, 'गार्ड अंकल के लिए... वह रातभर ड्यूटी करते हैं, ताकि हमारे घर सेफ रहें।'

इसके अलावा बच्चों ने ओल्ड एज होम के दादाजी-दादीजी के लिए गर्म शॉल खरीदा। सबसे बाद में बच्चों ने ढेर सारे गुलाब के फूल भी खरीदे।

वैलेंटाइन-डे की सुबह बच्चे गिफ्ट और गुलाब के फूल लेकर सबके घर गए। सबने उन्हें धन्यवाद दिया और बहुत खुश हुए, क्योंकि उनके बारे में लोग ज्यादा कुछ सोचते नहीं हैं।

शाम को बच्चे ओल्ड एज होम के दादाजी-दादीजी को गिफ्ट देने पहुंचे। मिष्टी और दूसरे बच्चों ने दादाजी-दादीजी के पांव छूकर कहा, 'दादाजी, दादीजी, यह आपके लिए और साथ में हमारे हाथ से बना यह कार्ड। बच्चों ने दादाजी-दादीजी के साथ केक काटा और सबने मिलकर खूब मस्ती की।'

घर लौटते हुए चारों बच्चे बहुत खुश थे। उन्होंने सबके साथ प्यार बांटकर वैलेंटाइन-डे जो अनोखे तरीके से मनाया था। *

कविता
फहीम अहमद



## डाकिया अंकल

अहा, डाकिया अंकल आए
लेकर चिट्ठी और किताब।।
घर-घर में चिट्ठी पहुंचाना
है अंकल का प्यारा पेशा।
ले आते पापा की खातिर,
जब-तब खुशी भरा संदेशा।
पढ़ते ही पापा का मुखड़ा
लगता जैसे खिला गुलाब।।
कंधे पर लटकाए थैला,
चेहरे पर मुस्कान अनूठी।
सर्दी, गर्मी हो या बारिश
नहीं भूलते अपनी ड्यूटी।
दरवाजे पर दस्तक देकर,
करते राम-राम, आदाब।।
गली, मुहल्ले के हर घर से,
उनकी है पहचान पुरानी।
थैले में भर ले आते हैं,
हर दिन कोई नई कहानी।
खूब दुआएं पाते हैं वे,
जिसका कोई नहीं हिसाब।।

## जीके क्विज-141

1. अभी हाल ही में घोषित दिल्ली विधान सभा चुनाव परिणामों में किस राजनीतिक दल को बहुमत प्राप्त हुआ है?
2. किस क्रिकेट खिलाड़ी ने पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया?
3. अमेरिका के बाद किस देश ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अलग होने की घोषणा की है?
4. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
5. महावीर स्वामी का मूल नाम क्या था?
6. स्वतंत्र भारत के प्रथम कृषि मंत्री कौन थे?
7. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
8. जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
9. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
10. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?




बच्चों, जीके क्विज-140 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-140 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.डिब्रूगढ़, 3.लद्दाख और जम्मू कश्मीर, 4.निर्मला सीतारमण, 5.ऑस्मियम, 6.वुलर झील, 7.किडनी, 8.स्कॉटलैंड, 9.मैलिक एसिड, 10.ग्रीनलैंड

**जीके क्विज-140 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, श्वेता-बिलासपुर, रमेश-कोरबा, ज्योति-रायगढ़, गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, खुशबू-दुर्ग, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, काम्या-महासमुंद

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इनमें सात अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर बताओ।




उत्तर: 1.दीवार पर लगी क्लॉक में अलग टाइम हो रहा है। 2.पीछे बाईं तरफ बैठी बिल्ली के दोनों अगले पंजे आपस में जुड़े हुए नहीं हैं। 3.पीछे बीच में बैठी बिल्ली हंस नहीं रही है। 4.पीछे दाईं तरफ बैठी बिल्ली की पूंछ दूसरी तरफ दिख रही है। 5.आगे बाईं तरफ बैठी बिल्ली की जीभ अंदर है। 6.बीच में लेटी हुई बिल्ली की दोनों आंखें खुली हुई हैं। 7.आगे दाईं तरफ बैठी बिल्ली के बाएं पैर में कम धारियां हैं।

## एक जैसे दो चित्र ढूंढ़ो

बच्चों, यहां कई बच्चों के चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो चित्र बिल्कुल एक जैसे हैं। बाकी चित्रों में कोई-न-कोई अंतर जरूर है। तुम एक जैसे दिखने वाले दो चित्रों को पहचान कर, उसको पेंसिल से गोलाकार घेर दो।



## खबर संक्षेप



### सिलेंडर 500 रुपये में लेने के लिए करवाएं रजिस्ट्रेशन


**कनीना।** हरियाणा सरकार की ओ से आमजन के लिए जारी की गई जनकल्याणकारी योजनाओं के सही तरीके से क्रियान्वयन को लेकर समय समय पर फीडबैक लिया जा रहा है। वहीं पात्र परिवारों को अत्यधिक लाभ मिले, इसके लिए शिविर लगाकर आमजन को जागरूक भी किया जा रहा है। सरकारी योजनाओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ओर से समय समय पर मॉनिटरिंग भी की जा रही है। इसी कड़ी में वीरवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक ध्यान सिंह व उप निरीक्षक राजेश कुमार ने कनीना में आयोजित बैठक में डिपो धारकों से बीपीएल परिवारों को जानकारी देकर 500 रुपये में घरेलू सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए जल्द से जल्द ऑनलाइन पंजीकरण करवाने को कहा।

### गहने लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल

**सतनाली मंडी।** खंड के गांव श्यामपुरा के बिनोद श्यामपरिया ने रिपेरिंग के आई लोहे की अलमारी में रखे सोने चांदी के गहने मालिक को सकुशल लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। बिनोद श्यामपुरिया ने बताया कि वे लोहे की अलमारी आदि बनाते व रिपेयरिंग करते हैं। उनकी ट्रंक फैक्ट्री में लोहे की अलमारी रिपेयरिंग होने के लिए आई थी। जब अलमारी को खोला तो उसके लॉकर में सोने के गहने रखे थे। उन्होंने अलमारी के मालिक जयपाल के अलावा अनेक गणमान्य लोगों व पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस की उपस्थित में अलमारी में रखे सोने व चांदी के गहने आदि अन्य सामान को उसके मालिक जसपाल को सौंप दिया।

# नीलगायों को मारने की अनुमति देने वाला नियम रद करने की मांग, सीएम को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



पीपल फॉर अरावली समूह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक ज्ञापन भेजा है। जिसमें इस साल फरवरी की शुरूआत में हुई कैबिनेट बैठक में अनुमोदित नए हरियाणा वन्यजीव (संरक्षण) नियमों के तहत नर नीलगायों को मारने की अनुमति देने के सरकार के फैसले पर दुख व्यक्त किया। पत्र लिखा है कि इन जानवरों के किसानों के खेतों में घुसने व फसलों को नष्ट करने की समस्या को हल करने के लिए नीलगायों को गोली मारना न तो नैतिक और न ही स्थायी समाधान है। कई ग्रामीण लोग व किसान हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से हमारे समूह का हिस्सा हैं और पिछले कुछ दिनों में टीम ने जिन अन्य लोगों से परामर्श किया है, उन्होंने इस तथ्य पर प्रकाश डाला है कि नीलगायों से अधिक आवारा मवेशी कृषि फसलों के लिए एक गंभीर खतरा हैं। सरकार से नर नीलगायों को मारने की अनुमति देने वाले नियम को रद्द करने और संरक्षणवादियों, पारिस्थितिकीविदों, सेवानिवृत्त वनवासियों, वन्यजीव विशेषज्ञों, किसान समूहों और अन्य ग्रामीण हितधारकों के साथ परामर्श के बाद राज्य में मानव पशु संघर्ष से निपटने के लिए एक उचित प्रबंधन योजना लागू करने का आग्रह करते हैं। नीलम अहलूवालिया संस्थापक सदस्य पीपल फॉर अरावली ने कहा कि 21 जुलाई 2022 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सार्वजनिक ट्रस्ट सिद्धांत, एहतियाती सिद्धांत, सतत विकास और संवैधानिक दायित्व के तहत एक ट्रस्टी होने के नाते राज्य प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने के लिए बाध्य है। सुप्रीम कोर्ट के कई अन्य फैसलों में देश के वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा पर जोर दिया गया है। हम नहीं जानते कि राजनीतिक नेता शीर्ष अदालत के आदेशों की अनदेखी कैसे कर सकते हैं। नीलगाय हरियाणा के प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र का एक अभिन्न अंग हैं, जो जैव विविधता में योगदान देते हैं और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखते हैं। कानूनी तौर पर उन्हें मारने की इजाजत देना न केवल इस नाजुक पारिस्थितिक संतुलन को बाधित करता है।

■ नीलगायों से फसलों को गंभीर खतरा

### नीलगायों को कर सकते हैं स्थानांतरित

सेवानिवृत्त वन संरक्षक साउथ सर्कल हरियाणा आरपी बलवान ने कहा कि यदि हरियाणा में किसी विशेष क्षेत्र में नीलगायों की अधिक आबादी है, तो इन जानवरों को हरियाणा या राजस्थान के नजदीकी रिजर्व में अन्य समान आवासों में स्थानांतरित किया जा सकता है। जहां नीलगायों की आबादी कम है और पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने के लिए उनके प्राकृतिक शिकारी मौजूद हैं। हरियाणा के गांवों में जहां बणी अभी भी मौजूद हैं, उन्हें कानूनी तौर पर सामुदायिक रिजर्व के रूप में स्वीकृत किया जाना चाहिए और नीलगायों व अन्य वन्यजीवों के लिए आश्रय के रूप में उपयोग किया जाना चाहिए। रोहतक के वन्यजीव शोधकर्ता राकेश अहलावत ने कहा कि नीलगायों व अन्य जानवरों और आवारा मवेशियों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाया जाता है, तो किसानों को बीमा योजनाओं के माध्यम से समर्थन दिया जाना चाहिए और फसल के नुकसान के लिए समय पर मुआवजा दिया जाना चाहिए।

### राज्य की नैतिक जिम्मेदारी

जिले के किसान अजय यादव ने कहा ने कहा कि टीम ने हरियाणा के विभिन्न जिलों में ग्रामीण हितधारकों से बात की, तो उन्होंने सुझाव दिया कि गांव के कुछ लोगों को गार्ड के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। जिन्हें नीलगायों, आवारा मवेशियों और अन्य जानवरों को डराने के लिए तेज आवाज करने वाला गांवों में पारंपरिक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला गैर बुलेट उपकरण गंधक पोटाश रखना चाहिए। ग्रामीण लोगों को फसलों के रक्षक के रूप में उपयोग करने की इस गतिविधि को रक्षकों को भुगतान की सुविधा के लिए मनरेगा के तहत लाया जा सकता है। तन्नुजा चौहान सदस्य पीपल फॉर अरावली व पीपुल फॉर अरावली के युवा अधिवक्ता विश्वास तंवर ने कहा कि प्रदेश की समृद्ध वन्यजीव विरासत की रक्षा करना राज्य की नैतिक जिम्मेदारी है। भारतीय संविधान के आर्टिकल 48। के अनुसार राज्य को पर्यावरण की रक्षा व सुधार करना चाहिए।

## राहगीरों व महिलाओं को उठानी पड़ रही परेशानी

# स्वच्छता अभियान के बाद भी अटेली के पुराने अड्डे पर नहीं बना शौचालय

■ कस्बे के बाजार का केंद्र है पुराना बस अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

प्रदेश भर में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के लिए घरों, कस्बों, गांवों व सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय बनाने पर सरकार प्रोत्साहन राशि प्रदान करती है, लेकिन अटेली कस्बे के पुराने अड्डे पर किसी प्रकार का शौचालय नहीं होने के कारण राहगीरों व आसपास के दुकानदारों को शौच आदि के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती है। सबसे ज्यादा परेशानी तो महिलाओं व लड़कियों को उठानी पड़ती है। अटेली नगर पालिका ने जनवरी माह में पुराने अड्डे पर शौचालय बनाने का अपनी तरफ से सूचना जारी की थी, लेकिन योजना खटाई में पड़ गई।कस्बे के लोगों की लंबे समय से मांग व जरूरत है, लेकिन नगर पालिका अटेली गंभीर नहीं है। भाजपा नीति केंद्र सरकार ने दो अक्टूबर 2014 से स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की थी। इसके बाद भी अभियान जारी है। इसके तहत अटेली कस्बे में मोबाइल टायलेट भी खरीदे गए थे, लेकिन वो कुछ दिन बाद ही कंडम हो गए। भारत स्वच्छता अभियान के 10 साल बीत गए है। अटेली कस्बे में पुराने बस स्टैंड के समीप शौचालय की खास आवश्यकता है, लेकिन जरूरत के बात भी यहां शौचालय आदि नहीं बना है। इस कारण महिलाओं को शौच आदि के काफी परेशानी उठानी पड़ती है। अटेली कस्बे का पुराना अड्डा मुख्य बाजार का सेंटर है। अटेली कस्बा उप तहसील, ब्लॉक, कॉलेज, आईटीआई, थाना, सीडीपीओ कार्यालय समेत अनेक बड़े बाजार है, लेकिन पुराने अड्डे पर शौचालय नहीं होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### क्या कहते हैं लोग



महेंद्र राता

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता ने बताया कि अटेली के पुराने बस स्टैंड पर एक सार्वजनिक शौचालय की जरूरत है। लोगों को मजबूरीवश खुले में जूस की दुकान के साथ पावर हाउस की तरफ शौच करना पड़ता है। शौच के लिए महिलाओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अगर प्रशासन पुराने अड्डे पर एक शौचालय बना दें तो इससे गंदगी दूर होने के साथ कस्बे में आने वाले लोगों व दुकानदारों को भी काफी राहत मिलेगी। पुराने अड्डे पर काफी संख्या में सवारियां बसें पकड़ती है। इसलिए लोगों का जमावड़ा रहता है।

### छात्राओं को होती है परेशानी



महेंद्र गुप्ता खेड़ी।

महेंद्र गुप्ता खेड़ी ने बताया कि पुराने स्टैंड पर शौचालय नहीं होने के चलते विशेषकर महाविद्यालय में जाने वाली छात्राओं को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा राहगीरों को खुलने में शौच करना पड़ रहा है। हर रोज यहां खुले में शौच करने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। इससे गंदगी फैल रही है। खुले में शौच की मजबूरी महिलाओं के लिए बेहद शर्मनाक व असुरक्षित स्थिति पैदा कर रही है।

### खुले में जाना पड़ता है शौच



संदीप जांगिड़

अटेली के वार्ड नंबर दो से युवा संदीप जांगिड़ ने बताया कि सरकार ने 10 साल से स्वच्छता अभियान चलाया हुआ है, लेकिन अटेली नपा के कर्मियों की ढिलाई से यह काम अटका हुआ है। अगर यहां शौचालय बनता है तो लोगों को राहत मिलेगी तथा स्वच्छता को बढ़ावा भी मिलेगा। शौचालय के अभाव में लोगों को खुले में शौच करना पड़ता है।



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# हिंदी कविता प्रतियोगिता में प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में बालवर्ग कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों के लिए हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों की सहभागिता सराहनीय रही। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी कविता एवं साहित्य के प्रति रूचि वर्धन करना है। विद्यार्थियों ने अपनी काव्य-शैली में कविता-गान किया। प्रतियोगिता में अवनी ने प्रथम अयान ने द्वितीय व यश ने तृतीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि कविता का संबंध गान से है जो सभी नकारात्मक विचारों को हटाकर विद्यार्थियों की एकाग्र शक्ति को बढ़ाने का भी कार्य करता है। कविता भावनाओं को संप्रेषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि हिंदी हमारे स्वाभिमान की भाषा है, जिसमें रचित रचनाएं हमें एकता के सूत्र में पिरोती हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ प्रतियोगिताओं में भी भाग लेना चाहिए जिससे मानसिक, तार्किक एवं बौद्धिक शक्ति का विकास हो सके। इस अवसर पर कर्णसिंह यादव, संगीता यादव, विजय सिंह यादव, आदि मौजूद रहे।

# आरआरसीएम स्कूल के 22 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस में किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना



**कनीना।** विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

आरआरसीएम स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। जेईई मेंस के परिणाम घोषित होने के बाद स्कूल के 22 विद्यार्थियों ने क्वालीफाई कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। जिनमें हीना पुत्री नरेश 96.75 प्रतिशत, नेहा पुत्री राजेंद्र 95.43, पारुल पुत्री विजय सिंह 94, तुषार पुत्र दिनेश 90, विवेक पुत्र अजीत सिंह 89, रचना पुत्री नवीन 88, अंकिता पुत्री सतबीर 85, जाहनवी पुत्री छोटेलाल 82, हार्दिक पुत्र रणधीर 81, शिवम पुत्र टिंकू 69, कीर्ति पुत्री संजय के साथ अपनी सफलता का परचम लहराया। प्राचार्य ने बताया कि छात्रों की इस उपलब्धि के पीछे उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और स्कूल द्वारा दिए गए उच्च स्तरीय शैक्षणिक माहौल का बड़ा योगदान है। सफल छात्रों में कई ऐसे नाम शामिल हैं, जिन्होंने अत्याधिक प्रतिस्पर्धा के बावजूद बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपने सपनों की ओर एक कदम ओर बढ़ाया। चेयरमैन राव रोशनलाल ने कहा कि विद्यार्थियों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षक और माता-पिता को दिया। छात्रों का कहना है कि स्कूल में मिले उचित मार्गदर्शन और लगातार अभ्यास ने हमारी तैयारी को मजबूत किया। यह सफलता स्कूल के उन प्रयासों को भी दर्शाती है, जो विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के लिए तैयार करने में सहायक हैं। स्कूल प्रशासन ने यह भी आश्वासन दिया कि वे भविष्य में भी छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षा व संसाधन प्रदान करते रहेंगे।



महेंद्रगढ़। सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :: हरिभूमि

### मॉडर्न स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने जेईई मेंस परिणाम में परचम लहराया

**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई मेंस परीक्षा सत्र प्रथम का आयोजन करवाया गया था। इस परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस परीक्षा में मॉडर्न स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने उच्च स्कोर हासिल किया। विशाल पुत्र मुकेश कुमार ने 96.25 परसेंटाइल, योगिता पुत्री अनिल कुमार ने 95.60 परसेंटाइल तथा तन्वी पुत्री सुधीर कुमार ने 73.16 ने परसेंटाइल हासिल की। मॉडर्न स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने जेईई मेंस परीक्षा में उच्च स्कोर हासिल करने पर विद्यालय में खुशी का माहौल छा गया। जेईई मेंस परीक्षा में उच्च स्कोर प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संस्था निर्देशक राजकुमार यादव, हवासिंह यादव, प्रबंधन समिति के सदस्य मनोज कुमार, नवीन कुमार, संस्था प्राचार्य अनिल कुमार, वरिष्ठ अध्यापक राकेश कुमार, रामसिंह, वरिष्ठ अध्यापिका शकुंत शहरावत, रिंकू यादव, मंजू व समस्त स्टाफ सदस्यों ने विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया। संस्था के निदेशक राजकुमार यादव ने बताया कि विद्यालय से हर बार जेईई मेंस, जेईई एडवांस, नीट, एनडीए, सैनिक स्कूल, नवोदय स्कूल आदि की प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थी उच्च स्कोर प्राप्त करके नामी संस्थानों में दाखिले प्राप्त करते हैं।

# सूरज स्कूल का जेईई मेंस में बेहतरीन रहा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से घोषित जेईई मेन्स की परीक्षा में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम बेहतरीन रहा। स्कूल निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक इरफान ने 99.6, मानविक कुमार गुप्ता ने 99.55 व अतुल ने 99.4 परसेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में लक्की सिंह ने 99.09, आदित्य कुमार ने 98.99, तेजल ने 98.96, अविरल कुमार ने 98.9, निखिल शर्मा ने 98.73, निष्ठा ने 98.34, अक्षय शर्मा ने 98.33, खुशाग्र जैन ने 98.2, सोनाक्षी ने 98.2, मनीष कुमार सैनी ने 98.11, सोनम ने 97.56, अभिषेक ने 97.46, शिवांगी ने 97.33, तरूण कुमार ने 97.04, अंकुर ने 96.98, आयुषी तिवारी ने 96.97, प्रिंस शर्मा ने 96.5, गगनदीप ने 96.38, इशिका शर्मा ने 95.97, देव कुमार ने 95.41, शिव ने 95.39, गौरव जंघू ने 95.31, रुन्झन ने 95.24, अभिनव आर्य ने 95.01, खुशी ने 94.80, नंदिनी ने 94.28, शिनू राठी ने 94.02, छवि ने 93.4, आशीष पांडे ने 92.98 सहित अन्य बहुत से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने श्रेष्ठतम परसेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया किया। सूरज स्कूल के होनहार विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा हासिल करके देश को विज्ञान व प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अपना अभूतपूर्व योगदान देकर देश को उन्नति एवं विकास के पथ पर अग्रसर करेंगें। निदेशक संदीप प्रसाद ने इस ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करने पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एल्बेंडाजोल की गोलियों का वितरण

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ तथा यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण से मुक्त करना व उनके समग्र स्वास्थ्य में सुधार करना था। इसी उद्देश्य के तहत महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की गोलियां वितरित की गई। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण के दुष्प्रभावों और इससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों और युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसे नियमित रूप से दवा सेवन कर रोका जा सकता है। महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पविता यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पोषण का विशेष ध्यान रखकर कृमि संक्रमण को रोका जा सकता है।

**कार्यक्रम** | हकेवि में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

# सतत विकास में मेटेरियल साइंस की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रो. राजीव आहूजा

नवीन अनुसंधान और नवाचारों में सक्रिय रूप से योगदान देने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** मुख्यातिथि प्रो. राजीव आहूजा को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के भौतिकी व खगोल भौतिकी विभाग की ओर से एडवांसमेंट्स इन मेटिरियल साइंस फोर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (एआईएमएस) 2025 विषय पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का गुरुवार को शुभारंभ हो गया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा मुख्यातिथि तथा एनआईटी हमीरपुर के प्रो. रवि कुमार और दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. अमिता चंद्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता हकेवि के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने की। आयोजन में विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से संबद्ध 200 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यातिथि प्रो. राजीव आहूजा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी के विकास में मेटेरियल साइंस की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में सुपरकंडक्टिव मेटेरियल की बिजली संचरण, मैगलेव ट्रेंस और ऊर्जा भंडारण के लिए उपयोग करने की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने भारत के नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत हाइड्रोजन वैली प्लेटफॉर्म और गति शक्ति भारत कार्यक्रम पर भी विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि किस तरह से इसके माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास की दिशा में भारत अग्रसर है। हकेवि कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी पर हर्ष व्यक्त करते हुए अंतर्विषयक अनुसंधान और अंतर राष्ट्रीय सहयोग के महत्त्व पर जोर दिया। कुलपति ने युवा शोधकतार्ओं से मेटेरियल साइंस में नवीन अनुसंधान और नवाचारों में सक्रिय रूप से योगदान देने का आह्वान किया। आयोजन में विशिष्ट अतिथि प्रो. रवि कुमार ने पी-टाइप ट्रांसपेरेंट कंडक्टिंग और मेग्नेटिक ऑक्साइड मेटेरियल पर चर्चा की, जो ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रॉनिक तथा चुंबकीय उपकरणों में उपयोगी हो सकते हैं। इसी क्रम में प्रो. अमिता चंद्रा ने ऊर्जा उपकरणों के लिए पी-टाइप पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट्स पर अपने अनुसंधान को प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। सम्मेलन की संयोजक और भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देने में आयोजन की भूमिका पर जोर दिया। आयोजन के सह-संयोजक और हकेवि के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की और विश्वविद्यालय की सतत विकास लक्ष्यों से जुड़े अनुसंधान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दोहराया। उद्घाटन सत्र के पश्चात दूसरे सत्र में एमआईटी, पोलैंड की डॉ. मार्टा एमडी, सीएसआईआर-एनपीएल, दिल्ली के डॉ. गोविंद गुप्ता, यूजीसी-डीएई सीएसआर, इंदौर के दिनेश कुमार शुक्ला, हकेवि के डॉ. अमित ने तकनीकी व्याख्यान दिए।

### देवयानी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**महेंद्रगढ़।** देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल का जेईई मेंस का रिजल्ट शानदार रहा। एनटीए की ओर से घोषित परीक्षा परिणाम में तनीष यादव ने 97.5 परसेंटाइल, अंजली राजपूत ने 95, प्रियंका यादव ने 93, मुस्कान चौधरी ने 92.38, विनीत यादव ने 92, ईशा चौधरी ने 91 परसेंटाइल के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि परीक्षा में बैठने वाले 10 विद्यार्थियों में अधिकांश ने 90 परसेंटाइल से ऊपर अंक लेकर आई आईटी एडवांस के लिए जगह बनाई। बच्चों ने यह उपलब्धियां सीबीएसई एग्जाम के साथ कक्षा कक्ष में रेगुलर पढ़ाई करते हुए की। सीनियर विंग हेड मनीष कुमार ने बताया कि बच्चों ने शुरू से ही इंटीग्रेट कोर्स के माध्यम से कंपटीशन की तैयारी करवाई जाती है, चेयरमैन सुनील कुमार ने बताया कि बच्चों की इस सफलता के पीछे माता-पिता, अध्यापक और बच्चों के निरंतर परिश्रम का योगदान है।

### शादी के कार्ड बांटने जा रहा पिता घायल

**नारनौल।** स्कूल बस ड्राइवर ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार जयपुर का व्यक्ति घायल हो गया। व्यक्ति अपने बेटे की शादी के कार्ड बांटने जा रहा था। घायल को इलाज के लिए नांगल चौधरी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां गंभीर चोटों के चलते उसको रेफर कर दिया गया। नांगल चौधरी थाना पुलिस को दी शिकायत में राधा विहार कॉलोनी सिरसी रोड जयपुर निवासी गुलाबचंद शर्मा ने बताया कि वह मूल रूप से राजस्थान के बहरोड़ का रहने वाला है। बीत दिनों वह कार में सवार होकर अपने बेटे अश्विनी की शादी के कार्ड बांटने के लिए जयपुर से बहरोड की ओर जा रहा था। इस दौरान वह नेशनल हाईवे नंबर 148 बी की सर्विस रोड से होते हुए फ्लाईओवर के नीचे मुड़ा तो नांगल चौधरी की ओर से आ रही एक स्कूल बस के ड्राइवर ने उसकी कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसको उपचार के लिए नांगल चौधरी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसको प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इस हादसे में उसका हाथ टूट गया। वहीं कई गंभीर चोट आई हैं। जिसके बाद परिजन उनको उपचार के लिए बहरोड़ लेकर गए। वहां से उसको जयपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## खबर संक्षेप

### जड़थल में खेत पर गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**कसोला।** गांव जड़थल से बसई रोड स्थित रेलवे लाइन के पास से एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। गांव पांचौर निवासी धीरज कुमार ने गढ़ी बोलनी चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 फरवरी की उसके पिता सत्यबीर बाइक लेकर जड़थल से बसई रोड रेलवे लाइन के साथ लगते खेत में गए थे तथा बाइक रेलवे लाइन के पास खड़ी करके खेत में चले गए। जब कुछ देर बाद वह वापस आए तो वहां से मोटरसाइकिल गायब थी। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### कंपनी में ड्यूटी गए कर्मचारी की बाइक चोरी

**कसोला।** कसोला थाना क्षेत्र से एक कंपनी कर्मचारी की बाइक चोरी हो गई। गांव शहबाजपुर खालसा निवासी अजीत ने कसोला थाना पुलिस को बताया कि 12 फरवरी को सुबह वह अपनी गोसी कंपनी में जाने के लिए मोटरसाइकिल से स्टैंड मोडावाली पर आया था तथा विक्रम नंबरदार की दुकान के पास बाइक खड़ी करके अपनी कंपनी की बस में ड्यूटी पर चला गया। जब वह शाम करीब 3:30 बजे वापस आया तो वहां से बाइक चोरी हो चुकी थी।

### कंटेनर का ताला तोड़कर सामान ले गए चोर

**कसोला।** कसोला थाना क्षेत्र में स्थित गोदाम के पीछे से चोर कंटेनर का ताला तोड़कर सामान चोरी कर ले गए। गांव मोजा रालियावास निवासी वीरपाल ने गढ़ी बोलनी चौकी पुलिस को बताया कि उसका श्रीराम वेयरहाउस के नाम से गोदाम वाका मोजा रालियावास से निगानियावास रोड पर है, जिसको उसने किराये पर दिया हुआ है तथा गोदाम के पीछे वाले हिस्से पर उसने एक कंटेनर रखा हुआ है, जिसमे सामान रखा हुआ था तथा कुछ सामान खुले में रखा था।

### गर्ल्स कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेल आज से

**रेवाड़ी।** सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में 16वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 14 व 15 फरवरी को किया जाएगा। प्रथम दिन उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी भीम अवॉर्डी सुषमा कुमारी होंगी। दूसरे दिन पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पैरालंपियन गिरिराज सिंह होंगे, जिन्होंने 2002 के बुसान पैरा एशियाई खेलों में 800 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता था तथा वर्तमान में वे हरियाणा सरकार में खेल उपनिदेशक के पद पर गुरुग्राम में कार्यरत हैं। दो दिवसीय प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर व 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ सहित गोला फेंकना, चक्का फेंकना, भाला फेंकना, लंबी कूद, ऊंची कूद, नींबू-चम्मच रेस, थ्री लेग दौड़ व रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज धामलावास में वार्षिक खेलों का आयोजन

# लॉन्ग जंप में पंकज व नेहा ने मारी बाजी





रेवाड़ी। खेलकूद के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए तथा प्रतियोगिता में दौड़ लगाते हुए खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

- राजकीय बहुतकनीकी संस्थान धामलावास के प्रधानाचार्य ने अतिथियों के साथ विजेताओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

राजकीय बहुतकनीकी धामलावास में वीरवार को छठी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जैनाबाद इंजी. कॉलेज के प्रिंसिपल डायरेक्टर डा. जगदीश थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में झज्जर इंजी. कॉलेज के रजिस्ट्रार डा. राजेश यादव, डिप्टी रजिस्टर डा. वीरेंद्र सेहरावत, समीप यादव व सतबीर ने शिरकत की। संस्था के प्रधानाचार्य डा. रविन आहूजा के मार्गदर्शन में सभी स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम में सहयोग दिया। इस मौके पर डा. आहूजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलने से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। संस्थान के खेल अधिकारी अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को खेल के नियम व खेल की बारीकियों से अवगत कराया। संस्था के प्रेस प्रवक्ता राकेश यादव ने मंच संचालन किया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 1500 मीटर व 5000 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप व हाई जंप सहित अनेक इवेंट में भाग लिया। इस अवसर पर रचना यादव, परमजीत यादव, मुकेश पुनिया, पवित्रपाल यादव, विजय यादव, रामानंद यादव, ललित मोहन, प्रदीप कुमार, नीरज, नवीन, खेल प्रभारी मनेन्द्र यादव, देवेंद्र कुमार, मुकुल, साहिल, निशांत, दीपिका, प्रेमचंद, पवन, मनोज, अश्वनी, अजीत, रेनू शर्मा व कृष्ण सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### यह रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

खेलकूद प्रतियोगिता में लड़कियों की 200 मीटर दौड़ में कंप्यूटर ट्रेड से वंशिका ने प्रथम व एमएलटी से नेहा ने द्वितीय व एमएलटी से मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर लड़कों की दौड़ में इलेक्ट्रिकल ट्रेड से सौरभ ने प्रथम, इलेक्ट्रिकल से लोकेश ने द्वितीय व इलेक्ट्रिकल से पप्पू ने तृतीय तथा 1500 मीटर लड़कों की दौड़ में इलेक्ट्रिकल ट्रेड से लोकेश ने प्रथम, इलेक्ट्रिकल ट्रेड से सौरभ ने द्वितीय व पप्पू ने तृतीय स्थान हासिल किया। 5000 मीटर लड़कों की रेस में इलेक्ट्रिकल ट्रेड से लोकेश प्रथम, इलेक्ट्रोनिक ट्रेड से यादराम द्वितीय व इलेक्ट्रिकल ट्रेड से पप्पू ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कों की लंबी कूद में एमएलटी ट्रेड से पंकज ने प्रथम, इलेक्ट्रिकल ट्रेड से अभिषेक ने द्वितीय व इलेक्ट्रिकल से पप्पू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की लंबी कूद में एमएलटी ट्रेड से नेहा ने प्रथम, एमएलटी ट्रेड से आरती ने द्वितीय व एमएलटी से प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि व प्रधानाचार्य ने स्टाफ के साथ विजेताओं को पुरस्कृत किया।



रेवाड़ी। आईजीयू में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### व्याख्यान में विकसित भारत के निर्माण के लिए समावेशी विकास के महत्व पर दिया जोर

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से समावेशी विकास और विकसित भारत विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. शक्ति कुमार विभागाध्यक्ष सेंटर फॉर इकोनॉमिक स्टडीज एंड प्लानिंग जवाहर लाल विश्वविद्यालय नई दिल्ली थे। विभाग के शैक्षिक समन्वयक डा. देविंदर सिंह ने मुख्य वक्ता का परिचय कराया। विभागाध्यक्ष डा. विकास बत्रा ने प्रो. शक्ति कुमार का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. शक्ति कुमार ने विकसित भारत के निर्माण के लिए समावेशी विकास के महत्व पर जोर दिया।

### अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने मांगों को लेकर शिक्षामंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**रेवाड़ी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला कार्यकारिणी की ओर से वीरवार को जिला अध्यक्ष डा. दुष्यंत कुमार की अगुवाई में जिला शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया को शिक्षा मंत्री के नाम राज्य कार्यकारिणी की ओर से तैयार किया गया मांग पत्र सौंपा गया। शैक्षिक महासंघ समय-समय पर जेबीटी अध्यापकों से लेकर विश्वविद्यालय प्रोफेसर तक के शिक्षाविदों की मांगों के लिए विभिन्न स्तरों पर अपनी आवाज उठाता है। मांग पत्र में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, प्रदेश में रिक्त शिक्षकों के पदों पर नियमित नियुक्ति करने, शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने, प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में अनिवार्य करने, सीसीएल व एसीपी का निपटान जिला स्तर पर करने की मांग की गई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष डा. हरिप्रकाश, हरीश चौहान, जिला मीडिया प्रभारी डा. रामफल शास्त्री, जिला सचिव डा. सतबीर इंदौरा, जिला संयुक्त सचिव रन सिंह व कार्यकारिणी सदस्य सतबीर शर्मा व कुसुम उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डा. दुष्यंत कुमार ने बताया कि शैक्षिक महासंघ फरवरी माह से कर्तव्य बौद्ध कार्यक्रम व सर्व प्राचार्य संपर्क कार्यक्रम के साथ लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियां आयोजित करेगा।

# प्रदेश स्तरीय मीटिंग में शामिल होंगे भाकियू के कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी जिला टीम की ओर से 17 फरवरी को कुरुक्षेत्र में होने वाली प्रदेश स्तरीय मीटिंग में कार्यकर्ता शामिल होंगे। समय सिंह प्रधान ने बताया कि मिटिंग में संगठन पर चर्चा होगी तथा सरकार की ओर से लाए जा रहे अनाजमंडी के कानून पर भी चर्चा की जाएगी।

वीरवार को किसान भवन में यूनियन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एससी सेल के जिला प्रधान राजकुमार ने की। प्रधान ने कहा कि रेवाड़ी जिले के किसानों के 2023 की भावांतर भरपाई व मुख्यमंत्री की घोषणा की राशी अभी तक नहीं मिली है। प्रदेश स्तरीय मीटिंग में जिले से सभी ब्लॉक प्रधान, उप प्रधान, महिला टीम व जिला महासचिव सहित सभी पदाधिकारी व सदस्य शामिल होंगे। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।




रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### गवर्नमेंट स्कूल नाहड़ में स्टेम मेले का आयोजन

**नाहड़।** शहीद जीतराम राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ में वीरवार को स्कूल प्रभारी यशवंत पाल की अध्यक्षता व विज्ञान अध्यापक कृष्ण भारद्वाज, प्रवक्ता प्रमोद कुमार, नरेंद्र कुमार, ज्योति यादव व वेदपाल की अगुवाई में साइंस एवं मैथ के स्टेम मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एसएमसी प्रधान परमानंद व अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों ने 25 मॉडल प्रदर्शित किए, जिसमें पास्कल नियम, ट्रांसपोर्ट, आर्किमिडीज सिद्धांत, विद्युत, ऊर्जा, ध्वनि संचरण, धूम्रपान जानलेवा, मृदा प्रदूषण व स्वास्थ्य संबंधित मॉडल शामिल थे।

# निपुण हरियाणा मिशन के तहत शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

एडीसी अनुपमा अंजलि की अध्यक्षता में वीरवार को जिला स्टेयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें निपुण हरियाणा मिशन के तहत शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर एडीसी ने जिला शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया को निदेश दिए कि निपुण हरियाणा कार्यक्रम में सभी शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए और विद्यालयों में किसी भी प्रकार की कमियों की पहचान कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने सभी विद्यालयों में किए जा रहे निरीक्षणों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मेंटर्स और मॉनिटर्स को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे निपुण एप पर प्रस्तुत की गई रिपोर्ट सही से तैयार करें। यदि डिस्ट्रिक्ट सुपरविजन टीम या मेंटर की रिपोर्टिंग में वास्तविक स्थिति के स्थान पर गलत रिपोर्ट पाई जाती है या टार्गेट विजिट अधूरी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में संपर्क बॉक्स और संपर्क एलईडी की स्थापना के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए ताकि जिले के सभी 398 विद्यालयों में इसे समयबद्ध तरीके से लागू किया जा सके। साथ ही, बालवाटिका 3 में नामांकन बढ़ाने के लिए महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं विकास और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्राथमिक विद्यालयों के लिए सीएसआर अनुरोध प्रस्तुत करने के लिए और विद्यालयों में स्वास्थ्य शिविरों की योजना बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### यश सैन में एनएमएमएस टेस्ट किया उत्तीर्ण

**रेवाड़ी।** क्षेत्र के गांव सहारनवास निवासी यश सैन ने एनएमएमएस का टेस्ट उत्तीर्ण किया है। पिता ब्रह्मप्रकाश और माता सुनीता देवी ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया है। यश राजकीय स्कूल सहारनवास में 8वीं कक्षा का छात्र है। स्कूल प्राचार्य व अध्यापकों सहित दादी निवाली देवी, भाई जितेंद्र सैन प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, दादा बाबूलाल सैन, ताऊ शिव कुमार, नीलम देवी, आशीष व जतिन ने यश के उज्वल भविष्य की कामना की है।



छात्र यश सैन।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में नीतू बनी विजेता

- मुख्य वक्ता ने सभी को जल संरक्षण को लेकर जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में वीरवार को राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एनसीईआरटी विषय विशेषज्ञ सेवानिवृत्त प्रवक्ता कंवर सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप से शिरकत की। मुख्य वक्ता ने सभी को जल संरक्षण को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमे भविष्य में आने वाले जल संकट संबंधी चुनौतियों को पहचान कर आज से ही काम शुरू करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हम वर्षा के जल को घर में ही टैंक बनाकर उसमें एकत्र कर पीने के पानी के रूप में प्रयोग कर सकते है। घर के पानी को नाली में खुला न बहाकर सोखता गड्ढा बनाकर जल स्तर को बचाने में अपना योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम प्रभारी प्रवक्ता विक्टोरिया के नेतृत्व में जल संरक्षण पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रा नीतू ने प्रथम, दीप्ति ने द्वितीय तथा निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर प्रेस सचिव मुकेश कुमार सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। कार्यशाला में मौजूद अतिथि, कुलपति व विद्यार्थी।

### आईजीयू में चाइनीज क्यूसाइन की कार्यशाला आयोजित

**रेवाड़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के होटल एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग में चाइनीज क्यूसाइन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षक के तौर पर डा. पंकज मिश्रा होटल एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां ने शिरकत की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर डा. सतमन्यु आर्य भी उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर तेज सिंह ने सभी का स्वागत किया। डा. पंकज मिश्रा ने कार्यशाला में चाइनीज व्यंजनों के बारे में विस्तार से बताया तथा विभिन्न प्रकार के चाइनीज व्यंजन बनाने सिखाए। इन व्यंजनों में टोमेटो सूप, मंचूरियन, चाऊमीन, स्प्रिंग रोल, टोमेटो सॉस फास्ट फूड प्रमुख थे। डा. मिश्रा ने चाइनीज व्यंजनों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इन व्यंजनों में शामिल होने वाली सामग्री के उचित उपयोग की मात्रा के बारे में अवगत कराया। कुलपति ने कहा कि ऐसी कार्यशाला के आयोजन से विद्यार्थियों को सीखने को मिलता है। प्रोफेसर तेज सिंह ने सभी विद्यार्थियों को व्यंजनों को बनाने के बारे में प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर अदिति शर्मा, प्रोफेसर विजय हुड्डा, डा. ईश्वर शर्मा व हनुमंत सहित विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया: सीजेएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व सीजेएम अमित वर्मा के मार्गदर्शन में वीरवार को पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीजेएम अमित वर्मा ने छात्राओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अपनी शक्ति को पहचान कर आगे बढ़े। डालसा पीएलवी व ब्रांड एम्बेसडर प्रियंका यादव ने कहा कि महिलाएं तो हमेशा से ही सशक्त रही है, मगर पुरूष प्रधान समाज में पितृसत्ता को सर्वोच्च सिद्ध करने के लिए समाज में नारी के कमजोर होने का भ्रम फैलाया गया। आज जरूरत है तो महिलाओं को अपनी क्षमता और प्रतिभा को पहचानने की। ऐसा कोई कार्य नहीं है, जो महिलाएं नहीं कर सकती, बशर्ते स्वयं पर विश्वास होना चाहिए। महिला के सशक्तिकरण में सबसे महत्वपूर्ण उनका शिक्षित और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना है। प्राचार्य धर्मबीर ने अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में विद्यालय की दो छात्रा नेहा व जसिका को बुनियाद छात्रवृति परीक्षा में उत्तीर्ण होने व बेहतरीन कार्य के लिए शिक्षिका मंजू यादव, सुमन, संयोगिता व मंजू सुख सहायक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश भार्गव प्रधान एक कदम मानवता की ओर, मुकुल शर्मा, दयानंद व सभी शिक्षक मौजूद थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में सीजेएम का सम्मान करते प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

# राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षक संघ ने की ट्रांसफर ड्राइव में पांच अंक देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

प्रदेश के राज्य एवं राष्ट्रीय अवॉर्डी शिक्षकों ने ट्रांसफर ड्राइव में अवॉर्डी शिक्षकों को 5 अंक देने की मांग की है। राज्य एवं राष्ट्रीय अवॉर्डी शिक्षक संघ के राज्य प्रधान राजेंद्र शर्मा ने बताया कि गत दिवस शिक्षा सदन पंचकूला में ट्रांसफर ड्राइव से संबंधित पॉलिसी में बदलाव के लिए विभिन्न शिक्षक संगठनों की एक बैठक निदेशक माध्यमिक शिक्षा जितेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बुलाई गई थी। बैठक में राज्य एवं राष्ट्रीय अवॉर्डी शिक्षक संघ को आमंत्रित किया गया था।



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित प्रदेश के अवार्डी शिक्षक।

# जिलावासियों को अब शहर के तीन अस्पतालों में मिलेगी न्यूरोलॉजी व कैंसर स्पेशलिस्ट की सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

शहर के नागरिकों को अब तीन अस्पतालों में न्यूरोलॉजी व कैंसर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञों की सेवाएं मिलनी शुरू होगी। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल द्वारका ने रेवाड़ी के कई अस्पतालों के साथ अपनी मल्टी-स्पेशलिटी ओपीडी सेवाओं के शुभारंभ की घोषणा की है। इन नई ओपीडी सेवाओं में न्यूरोलॉजी और ऑन्को-सर्जरी हेड एंड नेक से जुड़ी बीमारियों का इलाज किया जाएगा। वीरवार को ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ मैक्स अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं यूनिट हेड डॉ. रजनीश कुमार और हेड एवं नेक ऑन्को सर्जरी विभाग की एसोसिएट डायरेक्टर एवं यूनिट हेड डॉ. शिल्पी शर्मा ने किया। वीरवार को एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में डॉ. रजनीश कुमार बताया कि हर महीने के दूसरे और चौथे बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मातृका अस्पताल एवं डॉ आर बी यादव अस्पताल रेवाड़ी में ओपीडी लेंगे, जबकि डॉ शिल्पी शर्मा हर महीने के दूसरे और चौथे वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सिटी हार्ट क्लिनिक एवं मेडिकल सेंटर में ओपीडी सेवाएं देंगी। डॉ. रजनीश कुमार ने बताया कि न्यूरोसाइंसेज के क्षेत्र में तेजी से हो रही प्रगति के कारण अब न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी के माध्यम से सबसे जटिल न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का भी प्रभावी इलाज संभव है। पारंपरिक सर्जरी की जटिलताओं को लेकर कई मरीज चिंतित रहते हैं, लेकिन आधुनिक तकनीकों जैसे न्यूनतम इनवेसिव ब्रेन सर्जरी और डीप ब्रेन स्टिमुलेशन के कारण अब ये प्रक्रियाएं अधिक सुरक्षित हो गई हैं। इनमें रक्तस्राव बहुत कम होता है और मरीज की रिकवरी भी तेजी से होती है। इस तकनीक से ओपन सर्जरी की तुलना में मरीज जल्दी स्वस्थ हो जाता है।



रेवाड़ी। बीमारियों की जानकारी देते हुए डॉक्टर। फोटो :हरिभूमि

### युवक ने ट्रेन के आगे आकर किया सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रेवाड़ी-दिल्ली रेल मार्ग पर करीब 40 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। जीआरपी एएसआई उर्मिला देवी ने बताया कि गत दिवस शाम को जीआरपी को रेलवे स्टेशन कार्यालय से सूचना मिली कि दिल्ली-रेलमार्ग पर बायपास फाटक के नजदीक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन से कट गया है। मौके पर जांच पर पता चला कि युवक ने जानबूझकर ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या की है। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की शिनाख्त के लिए शव नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है।



रेवाड़ी। छात्रा खुशबू का सम्मान करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### एनएमएमएस परीक्षा पास करने पर छात्रा सम्मानित

**रेवाड़ी।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुंदरोज में छात्रा खुशबू का नेशनल स्तर की परीक्षा पास करने पर सम्मान किया गया। विद्यालय मुखिया कांता देवी ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विज्ञान अध्यापक महेश कुमार के मार्गदर्शन में छात्रा ने एनएमएमएस की परीक्षा में अपनी क्षमता का लोहा मनवाते हुए विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर छात्रा को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष कविता देवी, अध्यापक सुरेश कुमार, पवन सिंह, अजीत सिंह क्लर्क, अध्यापिका कृष्णा कुमारी, विमला देवी व श्वेता यादव मौजूद थे।